भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2020

(दिनांक 29.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

सुपौल में एफएम रेडियो

2020. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार सुपौल और बिहार के निकटवर्ती जिलों में एफएम रेडियो के प्रसारण हेतु कोई योजना बना रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस समय पटना के अतिरिक्त बिहार में किन स्थानों पर एफएम रेडियो का प्रसारण होता है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क) और (ख): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि पटना में अत्याधुनिक डिजिटल 100 किलोवाट के एमडब्ल्यू ट्रांसमीटर से समूचे सुपौल जिले को मीडियम वेव प्रसारण उपलब्ध है। सरकार ने निकटवर्ती सीतामढ़ी जिले में 10 किलोवाट एफएम के ट्रांसमीटर स्थापित करने का भी अनुमोदन किया है।

(ग): प्रसार भारती के बिहार में पटना, पूर्णियां, सासाराम, औंरगाबाद, बेतिया, भागलपुर, फार्बिसगंज, गया, किशनगंज, मधुबनी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, सहरसा और सीतामढ़ी में स्थित 14 आकाशवाणी एफएम ट्रांसमीटर हैं।

******